**Observation regarding discussion on ?Operation Sindoor?**

**<u>12.06 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्य, आप एक मिनट रुकिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** यह सदन है । आप तरीका रखिए । यह तरीका ठीक नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, सदन में मांग करने से या किसी विषय पर चर्चा करने से कुछ नहीं होगा । यहां जो भी विषय लिया जाता है, वह बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में चर्चा के द्वारा लिया जाता है । अगर आप सदन के वेल में आकर मांग करेंगे तो कुछ नहीं होगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** क्या आपको ?ऑपरेशन सिंदूर? पर चर्चा नहीं करनी है? आपको चर्चा करनी है या नहीं करनी है? अगर आपको चर्चा करनी है तो आप अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए और अगर नहीं करनी तो बताइए? आप मेरे सवाल का जवाब दीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप सभी मेरे पास आए थे और सभी दलों के नेताओं ने सर्वसम्मति से कहा था कि ?ऑपरेशन सिंदूर? पर चर्चा होगी । आप मेरे चैम्बर में चर्चा करते हैं और फिर यहां वेल में आ जाते हैं, क्या यह उचित है?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** राजनीति में नेताओं के कमिटमेंट की भी कुछ बात होती है । आप चर्चा करना चाहते हैं या नहीं करना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं आप से फिर कह रहा हूँ कि आप ?ऑपरेशन सिंदूर? पर चर्चा करना चाहते हैं या नहीं चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** अगर आप चर्चा करना चाहते हैं तो अपनी-अपनी सीट्स पर बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** क्या मैं सदन को स्थगित कर दूं? क्या आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं? क्या आप ?ऑपरेशन सिंदूर? पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** वेल में किसी भी मुद्दे को उठाने से उस पर चर्चा नहीं होगी । संसद में नियम-प्रक्रिया है । नियम-प्रक्रिया के तहत बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में चर्चा होती है । उसके बाद मुद्दों पर चर्चा होती है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** नो, क्या आप चर्चा करना नहीं चाहते हैं? मैं फिर से आपसे अंतिम बार आग्रह करना चाहता हूँ कि क्या आप ?ऑपरेशन सिंदूर? के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सदन की कार्यवाही आज एक बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**<u>12.09 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Thirteen of the Clock.*

---

**<u>13.00 hrs</u>**

*The Lok Sabha re-assembled at Thirteen of the Clock*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैंने आपसे पूर्व में आग्रह किया है और मैं आपसे फिर निवेदन करना चाहता हूं कि सभी दलों के नेताओं से मेरी वार्ता हुई थी और सभी दलों के नेताओं ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए । मैंने सहमति दी थी, सरकार ने सहमति दी थी । अब, मैं फिर आपसे आग्रह कर रहा हूं कि आप लोग ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होने दें ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** अन्य सभी विषयों पर सदन में बताने से चर्चा नहीं होगी ।

? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं फिर आपसे आग्रह करता हूं ।

? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सर्वदलीय बैठक में इस बात की चर्चा करते कि पहले एसआईआर पर चर्चा होनी चाहिए, तब हम सदन चलने देंगे ।

? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप पहले कमिटमेंट करते हैं ।

? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अखिलेश जी, आप सदन के नेताओं को भेजा करें तो थोड़ा समझा कर भेजा करें । अगर निर्णय करने की क्षमता हो तो सर्वदलीय बैठक में आया करें । अगर निर्णय कोई पीछे से कर रहा है और उनकी क्षमता नहीं है तो मत आने दीजिए ।

? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सदन चलेगा तो ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा पर चलेगा ।

? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**<u>13.02 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

---

**<u>14.00 hrs</u>**

*The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

? (व्यवधान)